हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 24 अक्टूबर , 2025

तापमान

अधिकतम 33 .6 डिग्री
न्यूनतम 15 .6 डिग्री



12 अचानक साहा थाने पहुंचे डीजीपी, जांची गतिविधियां



12 श्रम ही पूजा भगवान विश्वकर्मा का मूल संदेश

## खबर संक्षेप

### नाले में पैर फिसलने से मजदूर की मौत

**पानीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव ददलाना में व्यक्ति की नाले में गिरने से मौत हो गई। शव गुरुवार सुबह पानी में बहता मिला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और तुरंत सदर थाना पुलिस को सूचित किया गया। थाना सदर प्रभारी बलजीत सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नाले से बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान ददलाना निवासी 52 वर्षीय गोपाल पुत्र राम सिंह के रूप में हुई है। मृतक के बेटे संजय ने पुलिस को बताया कि उनके पिता का पैर फिसलने से संतुलन बिगड़ गया और वह नाले में गिर गए।

### उपमंडल कृषि अधिकारी ने डीलरो से लिए सैंपल



बैठक लेते कृषि अधिकारी ।

**पानीपत।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने रबी सीजन से पहले बीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। उप कृषि निदेशक डॉ.आत्मा राम गोदारा के निर्देशानुसार, उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. देवेंदर कुहाड़ ने आज जिले के विभिन्न बीज डीलरों के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर बीजों के नमूने एकत्र किए। उन्होंने बताया कि इस समय धान की कटाई जोरों पर है और किसान रबी फसलों की बुवाई की तैयारियों में भी जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि बीजों की गुणवत्ता जांच बेहद जरूरी है, ताकि किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज मिलें और फसल उत्पादन में वृद्धि हो।

### हत्या करने का एक आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने भड़ताना गांव में हुई व्यक्ति की हत्या के मामले में एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान जींद निवासी साहिल के रूप में हुई है। सीआइए सफीदों प्रभारी उप निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि 24 जून की रात को गांव भड़ताना में आपसी लड़ाई.झगड़े के दौरान रणधीर की हत्या कर दी गई।

### मारपीट करने तथा फोन तोड़ने पर चार नामजद

**जींद।** गांव घसो में रंजिशन मारपीट करने तथा मोबाइल फोन तोडने पर उचाना थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव घसो निवासी ईश्वर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही रामनिवास परिवार से रंजिश चली आ रही है। गत दिवस आरोपितों ने उसे घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

# राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव में हरियाणवी व्यंजन बनेंगे विशेष आकर्षण का केंद्र

### कुवि कुलपति प्रो. ने केयू रत्नावली पोस्टर का किया विमोचन

*रत्नावली के माध्यम से हरियाणा की लोक संस्कृति को नई पहचान मिलेगी जोकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा बनेगी।*

- 10 विधाओं से शुरू होकर 34 तक पहुंचा राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 28 से 31 अक्टूबर के बीच आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव में हरियाणवी व्यंजन विशेष आकर्षण का केन्द्र होंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि इस बार रत्नावली महोत्सव में हरियाणवी व्यंजन में हरियाणवी खान-पान की धूम रहेगी जिसमें देशी घी का चूरमा, कसार, खिचड़ी, लस्सी, खीर, पूडे, गुलगुले व सवाली आदि विशेष आकर्षण का केन्द्र होंगे। सीनेट हॉल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि चार दिवसीय रत्नावली महोत्सव में हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उपस्थित होंगे।

राज्यपाल व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. अशीम कुमार घोष, शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा सहित गणमान्य मंत्री, पदमश्री कलाकार एवं फिल्मी हस्तियां भी पहुंचेगी। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने केयू रत्नावली पोस्टर का भी विमोचन किया। उन्होंने कहा कि रत्नावली महोत्सव हरियाणवी लोक कला एवं संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है तभी से हरियाणा दिवस सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम के रूप में आयोजित होता था।



कुरुक्षेत्र । केयू रत्नावली पोस्टर का विमोचन करते कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल।

वहीं 1985 में 8 से 10 विधाओं से शुरू होकर आज राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव 34 विधाओं तक पहुंच चुका है। हरियाणा संस्कृति के संरक्षण में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश का एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जिसने अपनी संस्कृति को संरक्षित करने के लिए वर्ष 2006 में केयू धरोहर हरियाणा संग्रहालय की स्थापना कर धरोहर जैसे संग्रहालय को स्थापित किया।

वहीं राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव के माध्यम से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने हरियाणवी रसिया डांस, हरियाणा ऑरकेस्ट्रा, हरियाणवी रिचुअल, लूर नृत्य, हरियाणवी पगड़ी, हरियाणवी लोक विनोद, हरियाणवी गायन शैलियां, हरियाणवी सांग को जीवंत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि इस राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को हरियाणवी संस्कृति से जोड़ना, लोक कलाओं को संरक्षित करना, और ग्रामीण विरासत को मंच प्रदान करना है। रत्नावली केवल मनोरंजन नहीं, यह संस्कार, संस्कृति और सृजनात्मकता का संगम है। यह महोत्सव नई पीढ़ी को यह सिखाता है कि अपनी जड़ों से जुड़कर भी हम आधुनिकता की ओर बढ़ सकते हैं। इस मौके पर लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया सभी मीडिया बंधुओं का हार्दिक स्वागत किया तथा युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उपनिदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा सहित डॉ. हरविन्द्र राणा मौजूद रहे।

#### हरियाणा को भाषा के रूप में स्थापित करने के होंगे प्रयास

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणवी बोली भाषा के रूप में स्थापित करने का प्रयास करेगा। इसका प्रयास राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव से शुरू होगा तथा विश्वविद्यालय हरियाणवी बोली को भाषा का दर्जा दिलाने तक इस प्रयास में लगा रहेगा।

हरियाणा का प्रत्येक व्यक्ति इस कमी को महसूस करता है कि अपनी बोली को भाषा के रूप में स्थापित हो, इसके लिए विश्वविद्यालय पहल शुरू कर रहा है और रत्नावली महोत्सव में यह प्रयास मंच संचालन से लेकर हरियाणवी समाचार पत्र निकालने तक कई रूपों में दिखाई देगा।

#### 3500 प्रतिभागी करेंगे प्रतिभागिता

*रत्नावली हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय महोत्सव में 6 मंचों से 34 विधाओं में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लगभग 3500 प्रतिभागी प्रतिभागिता करेंगे। रत्नावली महोत्सव के तहत आयोजित होने वाले संगीत कार्यक्रमों में हरियाणवी ग्रुप सोंग, हरियाणवी लोकगीत, हरियाणवी भजन, हरियाणवी रागनी, पॉप सोंग हरियाणवी, हरियाणवी फॉक इंस्ट्रूमेंट सोलो, हरियाणवी फोक आरकेस्ट्रा, ड्यूट रागनी, हरियाणवी गजल शामिल है। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने बताया कि थियेटर में हरियाणवी चौपाल, हरियाणवी सांग, हरियाणवी वन-एक्ट-प्ले, हरियाणवी स्किट, हरियाणवी रिचुअल्स, मोनो एक्टिंग इन हरियाणवी, शॉर्ट फिल्म इन हरियाणवी शामिल है। इसके साथ ही डांस विधा में हरियाणवी लूर नृत्य (न्यू इवेंट), हरियाणवी सोलो डांस पुरुष तथा महिला, रसिया ग्रुप डांस (हरियाणवी), हरियाणवी ग्रुप डांस, हरियाणवी कोरियाग्राफी शामिल है। ललित कला में हरियाणवी फैशन शो (न्यू इवेंट), ऑन द स्पोट पेंटिंग ऑन हरियाणा, पेंटिंग प्रदर्शनी ऑन हरियाणा, हरियाणवी पगड़ी, प्राचीन ऐतिहासिक हरियाणवी संग्रह, फॉक कास्च्यूम पुरुष, फॉक कास्च्यूम महिला तथा फॉक हैंडिक्राफ्ट प्रतियोगिता शामिल है। लिट्रेरी इवेंट में हरियाणवी प्रश्नोत्तरी, हरियाणवी कविता, हरियाणवी में भाषण तथा टिट-बिट्स प्रतियोगिता इन हरियाणवी सम्मिलित है।*

#### लोक कला के लिए वरदान साबित होगी रत्नावली

रत्नावली महोत्सव में हरियाणवी लोक कला को संरक्षित करने में वरदान साबित होगी। हरियाणवल लोक कला में हरियाणवी सांग, लूर, हरियाणवी ऑरकेस्ट्रा, रसिया, रीति-रिवाज, हरियाणवी पगड़ी, हरियाणवी गायन शैलियों, हरियाणवी हस्तशिल्प, हरियाणवी परिधान, हरियाणवी लोक कलाएं, सांझी, चित्तण, मांडणे, हरियाणवी फुलकारी, फुलझड़ी, हरियाणा की बुनाई कला, कढ़ाई कला, बोहिया निर्माण कला, इंडी निर्माण कला के माध्यम से हरियाणा की लोक कला को रत्नावली के माध्यम से संरक्षित किया जाएगा। समय के साथ आधुनिकता की तेज रफ्तार में यह पारंपरिक कला धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है। रत्नावली के माध्यम से हरियाणा की लोक संस्कृति को नई पहचान मिलेगी जोकि आने वाली पीढ़यों के लिए एक प्रेरणा बनेगी।

## सैलून में किशोरी के साथ गलत काम करने का आरोप

**यमुनानगर।** शहर के हुड्डा सेक्टर 17 स्थित सैलून में युवक पर दो युवतियों के साथ मिलकर 15 वर्षीय लड़की के साथ जबरदस्ती गलत काम करने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपी युवतियों व आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पुलिस ने दो आरोपी युवतियों व एक युवक के खिलाफ किया पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज

जगाधरी की एक कालोनी निवासी महिला ने हुड्डा सेक्टर 17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि प्रीति उर्फ नेहा तथा सुरभि उर्फ नैना की 15 वर्षीय बेटी के साथ जान पहचान थी। दोनों आरोपी 19 सितंबर को उसकी 15 वर्षीय बेटी को हुड्डा सेक्टर 17 स्थित सैलून में लेकर गए। जहां उनके साथ प्रतीक नामक युवक भी मौजूद था। इस दौरान प्रतीक ने प्रीति उर्फ नेहा तथा सुरभि उर्फ नैना के साथ मिलकर उसकी बेटी के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। आरोपियों ने इस बारे में किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद से उसकी बेटी गुमसुम रहने लगी। जब उसने अपनी बेटी को गुमसुम रहने का कारण पूछा तो उसकी बेटी ने उसे घटना के बारे में बताया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ 17 व छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## केंद्रीय रेल राज्यमंत्री बिट्टू ने रेलवे स्टेशन का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

केंद्रीबय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे द्वारा छठ पर्व पर की गए प्रबंधों को लेकर यात्रियों से मंत्रणा की। रेल राज्य मंत्री रात को नई दिल्ली से चंडीगढ़ जाते हुए अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर रुके थे। उन्होंने विशेष ट्रेनों के संचालन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यात्रियों को शौचालय में बैठकर सफर करने की जरूरत नहीं है, वो आराम से विशेष ट्रेनों में बैठकर सफर कर सकते हैं। इसलिए यात्री धैर्य बनाए रखें और घबराएं नहीं। एक-एक यात्री को छठ पर्व से पहले उनके गंतव्य स्टेशन तक पहुंचा जाएगा। इसलिए रेलवे पर भरोसा रखें। रवनीत सिंह बिट्टू ने बताया कि रेलवे ने 12 हजार के करीब ट्रेनें संचालित की हुई हैं। इसके अलावा अतिरिक्त रैक भी प्रमुख



रेलवे स्टेशनों पर तैयार रखे गए हैं ताकि भीड़ बढ़ते ही विशेष रेल मार्गों पर ट्रेनों का संचालन किया जा सके। अंबाला रेल मंडल के प्रबंधक विनोद भाटिया ने बताया कि आगामी तीन दिन काफी महत्वपूर्ण हैं इसलिए अंबाला मंडल से चार और फिरोजपुर मंडल से 8-9 ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा भी रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त रैक खड़े किए गए हैं जोकि जरूरत अनुसार भीड़-भाड़ वाले रेल मार्गों पर चलाए जाएंगे। इस दौरान वाणिज्य विभाग सहित आरपीएफ के उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे।

#### चलाया जांच अभियान

जीआरपी और आरपीएफ की तरफ से अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान रेलवे परिसर, कार पार्किंग सहित प्लेटफार्म पर बैठे यात्रियों का सामान भी खंगाला गया। इस दौरान यात्रियों को सचेत भी किया गया कि वो स्टेशन पर या फिर ट्रेन में सफर के दौरान किसी भी अंजान व्यक्ति से कोई भी खाने-पीने की वस्तु न लें, अगर उन्हें अपने आस-पास कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु नजर आता है तो इसकी जानकारी तुरंत नजदीकी पुलिस कर्मचारी को दें। इस मौके पर हरीश कुमार, रविंदर सिंह दल-बल के साथ मौजूद रहे।

### 50 हजार की रिश्वत लेते सिटी थाना का एसएचओ गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** विजिलेंस की टीम ने एसएचओ सिटी विनय कुमार को 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। अनिल कुमार निवासी सिल्वर सिटी नशिकायत दी थी कि एसएचओ सिटी गिरफ्तारी का डर दिखाकर उनसे रिश्वत की मांग कर रहा है। एसएचओ सिटी को सर्किट हाउस के समीप रंगे हाथों गिरफ्तार किया। अनिल के साढू की लाडवा में बैटरी की फैक्टरी है, अनिल कुमार का साढू विदेश में गया हुआ है। मामले में हाई कोर्ट में सिविल केस चल रहा था। हाई कोर्ट से समनिंग आने के बाद एसएचओ सिटी ने गिरफ्तार का डर दिखाकर 5 लाख रुपये रिश्वत की मांग की लेकिन सौदा साढ़े तीन लाख रुपये में हुआ।

### शराब ठेके से चोरी में चार दबोचे

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने गांव बेरीखेडा में शराब ठेके का ताला तोड़ कर 17 हजार रुपये की नगदी तथा 60 अंग्रेजी शराब की कीमती बोतल चोरी करने के चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव बेरीखेड़ी शराब ठेके के सेल्जमैन रामभज ने गत 21 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि रात वह शराब ठेके को बंद कर खाना खाने घर चला गया।

## मां की हत्या करने का नाबालिग बेटा आरोपी अभिरक्षा में लिया

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने लाडवा के गांव डुडा में मां की हत्या करने के आरोपी नाबालिग बेटे को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में थाना लाडवा की टीम ने गांव डुडा में मां की हत्या करने के नाबालिग बेटे को अभिरक्षा में लिया है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 21/22 अक्टूबर 2025 की रात्रि को पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि गांव डुडा में एक बेटे ने अपनी मां की हत्या कर दी है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सीन आफ क्राईम टीम द्वारा मौका का निरीक्षण किया गया। मृतक महिला का एलएनजेपी हस्पताल कुरुक्षेत्र में पोस्टमार्टम करवाया गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया था। पुलिस को दिए अपने ब्यान में हरि चन्द वासी डुडा ने बताया कि उसके पडोस में जय भगवान का मकान है। पारिवारिक विवाद के कारण जय भगवान और उसकी पत्नी अलग अलग रहते हैं। जय भगवान का बड़ा लडका विदेश रहते हैं तथा छोटा बेटा अपने पिता के साथ गांव में ही रहता है। 21 अक्टूबर की रात को आरोपी बेटे ने कुल्हाड़ी से अपनी मां पर हमला कर दिया तथा उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी थी। थाना लाडवा कार्यकारी प्रभारी उप निरीक्षक सुनील कुमार के दिशानिर्देश मे मामले की जांच करते हुए सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार व रोहित कुमार की टीम ने लाडवा के गांव डुडा में मां की हत्या करने के नाबालिग बेटे को अभिरक्षा में लिया है। आरोपी से वारदात में प्रयोग कुल्हाड़ी बरामद की गई। आरोपी को पेश माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से बाल सुधार गृह भेजा गया।

### यमुनानगर में रादौर के पशु चिकित्सालय में आयोजित किया कार्यक्रम

# किसानों के श्रम और आय में पशुपालन की खास भूमिका

- पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य व पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसानों के श्रम और आय में पशुपालन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने उक्त शब्द वीरवार को पशु पालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशु चिकित्सालय रादौर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यस्तरीय मुंह खुर व गलघोटू संयुक्त टीकाकरण अभियान का रिबन काटकर शुभारंभ करते हुए उक्त शब्द कहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशुपालन एवं डेयरी विभाग के निदेशक डॉ. प्रेम सिंह ने की। मौके पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारियों ने कृषि मंत्री को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका जोरदार स्वागत किया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि कृषि क्षेत्र में पशुओं की अहम भूमिका है। पशुपालन किसानों के श्रम और आय में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता हैए यह टीकाकरण अभियान प्रदेश के प्रत्येक जिला में एक माह तक चलेगा। इस अभियान के तहत पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सक व चिकित्सा सहायक गांवों में पहुंचकर चार माह से अधिक की आयु की सभी गाय व भैंसों का मुफ्त टीकाकरण करेंगे। उन्होंने पशु विभाग के पशु चिकित्सकों का आह्वान किया कि इस अभियान के तहत कोई भी पशु बिना टीकाकरण न रहें। टीकाकरण करने से पहले गांवों की सूची तैयार करें और उसके बाद संबंधित गांव के सरपंच आदि को सूचना दें। ताकि गांव में मुनादी इत्यादि के माध्यम से पशुपालकों को टीकाकरण की सूचना पहले से ही मिल सकें। उन्होंने कहा कि जब पूरे गांव का पशु टीकाकरण हो जाए तो संबंधित गांव के सरपंच से यह जानकारी अवश्य लें कि कोई पशु बिना टीकाकरण रह तो नहीं गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जो किसानों की सबसे अधिक फसलें एमएसपी पर खरीद कर रहा है। कृषि मंत्री ने कहा कि पशुओं को दोनों रोगों से बचाव के लिए पशुपालन विभाग द्वारा वर्ष में चार बार दो पशुओं का टीकाकरण किया जाता था। इन दोनों रोगों से बचाव के लिए एक संयुक्त टीके का उपयोग कर रहा है। जिससे वर्ष में केवल दो बार टीकाकरण करने से ही पशुओं का इन दोनों खतरनाक बीमारियों से बचाव हो जाता है। इस अवसर पर रादौर के एसडीएम नरेन्द्र सिंह, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप निदेशक डॉ. सतबीर सिंह, डॉ. विजय कुमार आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** रादौर के पशु चिकित्सालय में मुंह खुर व गलघोटूं टीकाकरण अभियान का रिबन काटकर शुभारंभ करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

#### 3500 प्रतिभागी करेंगे प्रतिभागिता

*मौके पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग के महानिदेशक डॉ. प्रेम सिंह ने कृषि मंत्री को आश्वस्त किया कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग हरियाणा द्वारा प्रदेश स्तरीय मुंह खुर व गलघोटू संयुक्त टीकाकरण अभियान की तैयारियां पूरी कर ली है और विभाग के पशु चिकित्सकों की टीमें गांव गांव में जाकर पशुओं का टीकाकरण करेंगी।*

## आधुनिक गोवंश विश्राम का लोकार्पण 30 को

- रक्तदान एवं दंत जांच चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गोपाष्टमी उत्सव 2025 को धूमधाम से मनाने के लिए गौशाला कार्यकारिणी की मीटिंग हुई। गोपाष्टमी उत्सव के संयोजक गुरबख्श सिंह ने बताया कि इस बार गोपाष्टमी उत्सव गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के आशीर्वाद व दिव्य ज्योति संस्थान के स्वामी योगेशानंद के मार्गदर्शन में मनाया जायेगा।

इस बार विशाल रक्तदान कैंप के साथ-साथ सरस्वती बायोकेम की तरफ से रक्त जांच व रक्तचाप जांच एवं आयुष विश्वविद्यालय के संयोजन से डा. राजा सिंगला मेडीकल सुपरिटेंडेंट द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर एवं अग्रवाल डेंटल क्लीनिक की तरफ से दंत जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। गोपाष्टमी उत्सव के सह संयोजक राजेंद्र प्रजापति ने बताया कि गोपाष्टमी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा एक आधुनिक गोवंश विश्राम (बाड़े) का लोकार्पण करेंगे।

पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा विशेष रूप से पधार कर गौशाला में अग्निशमन प्रणाली का लोकार्पण करेंगे। महादेव गौशाला के संरक्षक अशोक रोशा ने बताया कि गोपाष्टमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि जीवन का एक संदेश है। प्रधान सुरेन्द्र गोयल ने बताया कि महादेव गौशाला जिले की सर्वश्रेष्ठ गौशालाओं में अपना स्थान रखती है। मुख्यमंत्री कार्यालय कुरुक्षेत्र के प्रभारी कैलाश सैनी एक नवनिर्मित गोवंश विश्राम यानि बाड़े का लोकार्पण करेंगे। 'गौ-दान' को सबसे श्रेष्ठ दान माना गया है। इसलिए गायों को हरा चारा, गुड़, दलिया खिला कर पुण्य के भागी बने।

## खबर संक्षेप

### रंजिशन हमला करने पर 13 नामजद

**जींद।** गांव दनौदा कलां में रजिशन हमला करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दनौदा कलां निवासी अमर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी दलीप परिवार के साथ रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते दलीप परिवार ने उनके परिवार पर हमला कर दिया।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो महिलाओं के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। नरवाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 21 को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। वहीं गांव डाहौला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस ने पुलिस को शिकायत दी है।

### मारपीट करने तथा फोन तोड़ने पर चार नामजद

**जींद।** गांव घसो में रंजिशन मारपीट करने तथा मोबाइल फोन तोडऩे पर उचाना थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव घसो निवासी ईश्वर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही रामनिवास परिवार से रंजिश चली आ रही है। गत दिवस आरोपितों ने उसे घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

### शराब ठेके से चोरी करने के चार आरोपित दबोचे

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने गांव बेरीखेडा में शराब ठेके का ताला तोड़ कर 17 हजार रुपये की नगदी तथा 60 अंग्रेजी शराब की कीमती बोतल चोरी करने के चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव बेरीखेड़ी शराब ठेके के सेल्जमैन रामभज ने गत 21 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि रात वह शराब ठेके को बंद कर खाना खाने घर चला गया।

### पराली के अवशेष जलाने पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव छात्तर में पराली के अवशेष फूंकने पर उचाना थाना पुलिस ने कृषि विभाग की शिकायत पर एक किसान के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कृषि विभाग के सुपरवाइजर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सरकार ने पराली अवशेष जलाने पर रोके लगाई हुई है। बावजूद इसके गांव छात्तर निवासी कुलदीप ने पराली अवशेषों को आग लगाई।

### जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता कल

**नरवाना।** जिला उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा प्रधान एवं दीवान बाल कृष्ण उप प्रधान के मार्गदर्शन में 14वीं जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता शनिवार को डीबीके इंटरनेशनल स्कूल नरवाना में आयोजित की जाएगी। जिला सचिव सुनील छाबड़ा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के सभी आयु वर्ग के लड़के एवं लड़कियां क्वाड व इनलाइन स्पीड में भाग ले सकते हैं।

# प्रदूषण खतरनाक स्तर पर, स्मार्ट सिटी करनाल की हवा खराब

- मंगलवार को जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 239 था, वहीं बुधवार को यह बढ़कर 245 पर पहुंच गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



दीपावली के बाद करनाल शहर की हवा लगातार जहरीली होती जा रही है। मंगलवार को जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 239 था, वहीं बुधवार को यह बढ़कर 245 पर पहुंच गया, जो कि खराब श्रेणी में माना जाता है। इस स्तर पर हवा में मौजूद सूक्ष्म कण सामान्य सीमा से लगभग दोगुने दर्ज किए गए, जिससे सांस और हृदय संबंधी रोगियों को अधिक परेशानी हो रही है। शहर की सड़कों पर उड़ती धूल, निर्माण स्थलों से उठने वाली मिट्टी, खुले में कचरा जलाना और वाहनों से निकलने वाला धुआं इस बढ़ते प्रदूषण के मुख्य कारण बताए जा रहे हैं।

### वाहनों की आवाजाही से और बिगड़े हालात

स्वास्थ्य विशेषज्ञ डा. नेत्रपाल रावल और डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में सांस, दमा, गले में खराश और आंखों में जलन की शिकायतें तेजी से बढ़ी हैं। उन्होंने कहा, "प्रदूषण का स्तर जितना बढ़ेगा, उतना ही अस्थमा और सीओपीडी के रोगियों की स्थिति गंभीर हो सकती है। लोगों को सुबह-शाम खुली हवा में सैर करने से बचना चाहिए, गर्म पानी का सेवन करें और बाहर निकलते समय एन-95 मास्क अवश्य लगाएं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहर में सड़क किनारे मिट्टी के ढेर, सीवर लाइन निर्माण और नालों की खुदाई के कारण धूल की मात्रा बढ़ी हुई है। वहीं नगर निगम की ओर से पानी का छिड़काव कभी-कभी ही किया जा रहा है। व्यापारिक क्षेत्रों में दीपावली बाद की भीड़ और वाहनों की बढ़ी आवाजाही ने स्थिति और बिगाड़ दी है। नगर निगम अधिकारी का कहना है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए विशेष दल गठित किए गए हैं, जो निर्माण स्थलों पर जाकर जांच कर रहे हैं। खुले में कचरा या पराली जलाने वालों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि करनाल भी एनसीआर का हिस्सा होने के कारण इन आदेशों का कड़ाई से पालन करना होगा।

### यहां बढ़ी परेशानी

प्रमुख चौराहों में बसताड़ा चौक, आईटीआई चौक, सेक्टर-12 और राव टैक्सी स्टैंड—पर धुंध की स्थिति सुबह और शाम दोनों समय देखी जा रही है। वायु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी कमलजीत सिंह ने बताया कि "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान -2 लागू कर दिया गया है, जिसके तहत सभी निर्माण स्थलों को पूरी तरह ढकना, सड़कों पर नियमित जल छिड़काव करना, मैकेनिकल सफाई कराना और सभी वाहनों के पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल प्रमाणपत्र की जांच सुनिश्चित की जा रही है।"

### सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित

**करनाल।** सैनिक स्कूल कुंजपुरा के प्रधानाचार्य गुरबीर सिंह ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए कक्षा छठी और नौवीं में प्रवेश हेतु परीक्षा आयोजित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी 30 अक्तूबर तक विद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कक्षा छठी में लगभग 120 सीटें और कक्षा नौवीं में 20 सीटें उपलब्ध हैं। इनमें 67 प्रतिशत सीटें हरियाणा के विद्यार्थियों और 33 प्रतिशत अन्य राज्यों के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित हैं। कक्षा छठी में प्रवेश के लिए जन्मतिथि 1 अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2016 के बीच और कक्षा नौवीं के लिए 1 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2013 के बीच होनी चाहिए।

### महाछठ पर्व पर कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ

# भगवान श्रीराम की कथा सुनकर हो जाती है मनुष्य के जीवन की नैया पार: आचार्य

- *हनुमान मंदिर से सूर्य मंदिर तक कलश यात्रा निकाली*
- *कलश यात्रा में सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा*

ध्वजा रोहण के पश्चात समाजसेवी गगन जुनेजा और पार्षद सुधीर यादव ने सभी को महाछठ पर्व की शुभकामनाएं दीं। आयोजन को भव्य बनाने के लिए मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। धर्मशाला में श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

छठ पर्व सेवा समिति मंडल की ओर से महाछठ पर्व के उपलक्ष्य में गुरुवार को श्रीराम कथा का शुभारंभ किया गया। कृष्णा नगर हनुमान मंदिर से सूर्य मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई। महिला श्रद्धालु भजन-कीर्तन और नृत्य करती नजर आईं। सूर्य मंदिर में समाजसेवी गगन जुनेजा ने ध्वजा रोहण की रस्म अदा की। साथ में पार्षद सुधीर यादव मौजूद रहे। मंच संचालन जंग बहादुर यादव ने किया। कलश यात्रा में मुख्य कथा व्यास आचार्य सतीश मिश्र रथ पर सवार रहे। वे प्रतिदिन श्रीराम कथा का वाचन करेंगे। कथा का समय शाम सात से रात दस बजे तक रखा गया है। कलश यात्रा को पार्षद हरजीत सिंह लाडी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने आशीर्वचन में आचार्य सतीश मिश्र ने कहा कि भगवान श्रीराम कथा सुनने वाला व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम के जीवन आदर्शों का अनुसरण हम सभी को करना चाहिए।



**करनाल।** कलश यात्रा में भाग लेती महिला श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

**यह है कार्यक्रमों की रूपरेखा**

प्रधान सुरेश कुमार यादव ने बताया कि 25 अक्तूबर को स्नान-भोजन, 26 अक्तूबर को खरना तथा 27 अक्तूबर की सायं और 28 अक्तूबर की प्रातः सूर्य अर्घ्य का आयोजन होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पश्चिमी यमुना नहर पर पहुंचेंगे। मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। धर्मशाला में श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर स्वामी प्रेममूर्ति, सुरेश कुमार यादव, अर्जुन पंडित, उमेश चौहान, रोहित कुमार, रामदयाल यादव, शत्रुघन राय, भोला राय, मुंशी राय, राजेश्वर, सिकंदर मेहतो, रामविलास यादव, रामसागर, नागेंद्र महतो, नंद किशोर, भूषण राय, अरविंद राय, अशोक यादव, दिलीप कुमार, दिवाकर प्रसाद, वशिष्ठ पंडित, उमा शंकर, अनिल, रामकुमार, अजब लाल, घनश्याम, रणजीत, बबलू सिंह, रामप्रवेश, रामनारायण, सतनारायण पंडित, अमरजीत, हरिकांत शर्मा व राजन पंडित उपस्थित रहे।



**करनाल।** भैयादूज पर भाई को तिलक लगाती बहनें। *फोटो: हरिभूमि*

# बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर की दीर्घायु की दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक पर्व भाई दूज हर्षोल्लास और परंपरागत उत्साह के साथ मनाया गया। शहर भर में सुबह से ही घरों में रौनक देखने को मिली। बहनों ने अपने भाईयों के माथे पर रोली-चावल का तिलक लगाकर दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर इस पवित्र रिश्ते का सम्मान किया। इस अवसर पर नन्हें-मुन्नों में भी भरपूर उत्साह देखने को मिला। नन्हें भाई रूद्र ने अपनी प्यारी बहनों अवि और हिमानी को ढेर सारे उपहार देकर उनका दिन खास बना दिया।

### शहर में दिनभर रहा उत्सव सा माहौल

इस दौरान पूरे परिवार में खुशी और उमंग का माहौल छाया रहा। शहर के विभिन्न परिवारों में बहनों ने भाइयों के तिलक के साथ उनके मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। बच्चों ने भी रंग-बिरंगी राखियां, फूलों और सजावटी थालियों से तिलक की रस्में निभाईं। घरों में मिठाइयों की खुशबू, हंसी-खुशी और प्यार भरे पल हर ओर बिखरे नजर आए। भाई दूज का यह पर्व एक बार फिर सभी को भाई-बहन के रिश्ते की गहराई और अपनेपन का एहसास करवा गया। लोगों ने कहा कि ऐसे त्यौहार समाज में प्रेम, एकता और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करते हैं।

# गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व पांच नवंबर को मनेगा

- नगर कीर्तन तीन नवंबर को निकलेगा, पांच नवंबर को गुरुमति समागम व अटूट लंगर का आयोजन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सिख पंथ के आदि गुरु, पहली पातशाही श्री गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व डेरा कारसेवा में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर गुरुपर्व प्रबंधक समिति द्वारा डेरा कारसेवा प्रमुख बाबा सुक्खा सिंह के सहयोग से नगर कीर्तन तथा गुरुमति समागम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी समिति के प्रधान सरदार वरिंदर सिंह और महासचिव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि तीन नवंबर को नगर कीर्तन तथा पांच नवंबर को गुरुमति समागम होगा। तीन नवंबर को प्रातः 10 बजकर 30 मिनट पर गुरुद्वारा डेरा कारसेवा और गुरुद्वारा मंजी साहिब पहली पातशाही से नगर कीर्तन निकलेगा, जो कर्ण गेट, कमेटी चौक, अस्पताल चौक, कुंजपुरा मार्ग, सब्जी मंडी मार्ग होते हुए पुनः डेरा कारसेवा पहुंचेगा। नगर कीर्तन में दशमेश अखाड़ा और वीर खालसा दल की गतका पार्टियां अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगी। पांच नवंबर को प्रातः 9 बजे से गुरुमति समागम आरंभ होगा। इसमें भाई हरपाल सिंह हजूरी रागी जत्था श्री दरबार साहिब अमृतसर, भाई गुरप्रीत सिंह पौंटा साहिब, भाई जसबीर सिंह ढाडी जत्था, भाई गुलाब सिंह, भाई अमृतपाल सिंह तथा भाई गुरमेज सिंह आदि गुरु की महिमा का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम में अटूट लंगर का भी आयोजन होगा। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### त्याग और समर्पण की मिसाल है केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल: विधायक

**करनाल।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में केंद्र सरकार में मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पैतृक गाँव बनियानी (रोहतक) की डेढ़ बीघा भूमि बेचकर प्राप्त एक करोड़ रुपये प्रधानमंत्री राहत कोष में दान किए हैं।

असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का यह कार्य सेवा-धर्म का श्रेष्ठ उदाहरण है। उन्होंने अपने पैतृक घर को "माँ शांति देवी पुस्तकालय" के नाम दान कर दिया है, जिससे ग्रामीण विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायता मिलेगी। विधायक राणा ने कहा कि मंत्री मनोहर लाल का त्याग और समर्पण यह सिद्ध करता है कि उनके लिए समाज और देश का हित सर्वोपरि है। उन्होंने इसे सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और सेवा का प्रेरक उदाहरण बताया।

# अनाज मंडी में किसानो के धान की बेकद्री हो रही : भाकियू

- धान खरीद लेट होने सें शहर में जाम कि स्थिति
- सुबह के समय स्कूल वाहन जाम में फंस जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



**करनाल।** गुरुवार को मंडी में धान खरीद का जायजा लेते भाकियू पदाधिकारी।

भारतीय किसान यूनियन नेता गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश से 16 सौ रुपए के दाम में धान लाया जा रहा है और उसको कथित फर्जी पोर्टल पर चढ़ाया जा रहा है। जिससे एक बड़ा घोटाला हो रहा है और उन्होंने घोटाले का पर्दाफाश करने का प्रयास भी किया है। उन्होंने कहा कि इस धान घोटाले की सीबीआई से जांच होनी चाहिए। वीरवार को दोपहर बाद किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी नई अनाज मंडी में पहुंचे और धान की ढेरियों पर पहुंचे। उन्होंने किसानो की समस्या सुनी। उन्होंने कहा कि मंडी में धान की बेकद्री हो रही है। सही समय पर धान की खरीद नहीं हो रही है और न ही उठान नहीं हो रहा है। किसानो की मंडी में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।मंडी में धान की फसल को आने सें सभी जगह जाम में है रजनी कांत ने बताया फसल की वजह सें स्कूल बसे,बीमार व्यक्तियों को शहर में आना जाना परेशानी का सामना करना पढ़ रहा है,जाम की वजह सें बसे प्रभावित हो रही,सवारी इधर उधर भागते देखा जा सकता है, सुबह ही कुछ जाम लोग परेशानी को देखते हुए सोशल मिडिया पर भी डाल रहे है, अब मंडी में उठान न होने के कारण दो दिन 24 व 25 अक्टूबर को किसान को मंडी में फसल न लाने जे लिए आढ़ती को मंडी सेक्टरी ने निर्देश दिए हैं।

### तरावड़ी अनाज मंडी के कारण लग रहा जाम

**तरावड़ी।** अनाज मंडी में गेटपास, लिफ्टिंग और जाम की लगातार बढ़ रही समस्याओं को लेकर किसानों में गहरा रोष देखने को मिला।

किसानों की इन समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (चढूनी ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी स्वयं तरावड़ी पहुंचे और मार्किट कमेटी कार्यालय में जाकर अधिकारियों से बातचीत की। गुरनाम सिंह चढूनी ने कार्यालय के बाहर दरियां बिछाकर किसानों के साथ धरने के रूप में बैठक की और चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो किसान सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे। उन्होंने करीब एक घंटे तक मार्किट कमेटी सचिव संजीव सचदेवा से चर्चा करते हुए मंडी में आ रही कठिनाइयों को विस्तार से रखा और अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# डीएवी महिला शिक्षण महाविद्यालय में लगा दीपावली मेला, दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- इस अवसर पर छात्राओं और अध्यापिकाओं ने गतिविधियों में भाग लिया

डॉ गणेश दास डीएवी महिला शिक्षण महाविद्यालय करनाल के प्रांगण में दीपावली मेला का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या डॉ राकेश संधू ने की इस अवसर पर महाविद्यालय छात्रा अध्यापिकाओ ने तरह-तरह के फूड स्टॉल, नेल आर्ट, मेहंदी, हाथ से बनी हुई कलाकारी की वस्तुएं, कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने छात्र अधिक अध्यापिकाओं को संबोधित करते हुए भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियां करने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर महाविद्यालय प्राध्यापिकाएं भी मौजूद रही कार्यक्रम का आयोजन डॉ सरोज सोबती द्वारा किया गया।

### कार्तिक कथा में गूंजे अध्यात्म के स्वर, महिलाओं ने किया कीर्तन

# स्वामी ऋषि कुमार ने दी जीवन साधना की प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सदर बाजार स्थित उत्तम औषधालय प्रांगण में माता राम प्यारी मंदिर में चल रही कार्तिक मास कथा में काशी से पधारे संत स्वामी ऋषि कुमार ने श्रद्धालुओं को जीवन साधना और भक्ति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मानव शरीर अदृश्य रथ है, आत्मा उसकी रथी और मन सारथी है। जब तक मनुष्य जीवन की लगाम भक्ति के हाथों में नहीं देता, यह रथ सांसारिक मोह में भटकता रहता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति ईश्वर से विमुख होकर भोग-विलास में लिप्त रहता है, वह सबसे अभागा है; जबकि गृहस्थ जीवन में रहकर भी जो व्यक्ति प्रभु की भक्ति करता है, वही सच्चा धन्य कहलाता है। पंडित चेतन देव ने कहा कि भक्ति से मन को शांति और विचारों में निर्मलता मिलती है।



करनाल। कार्तिक कथा में प्रवचन करते स्वामी ऋषि कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

### भक्ति का संतुलन ही सच्चे जीवन का मार्ग

पंडित शेखर शर्मा ने कहा कि कर्म और भक्ति का संतुलन ही सच्चा जीवन मार्ग है। पंडित सच्चिदानंद ने मधुर भजनों और आरती के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भंडारा समिति के प्रधान भारत भूषण काकू ने कहा कि कार्तिक मास आत्मशुद्धि और सेवा का पर्व है। इससे पूर्व वैदिक रीति से हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें वैद्य देवेंद्र बत्रा और उनकी धर्मपत्नी दर्शन बत्रा ने श्रद्धालुओं के साथ आहुति डाली। पूरा मंदिर परिसर वैदिक मंत्रों की गूंज और हवन की सुगंध से पवित्र वातावरण में सराबोर रहा।



**करनाल।** कथा के दौरान भजन-कीर्तन करतीं महिलाएं। *फोटो: हरिभूमि*

## खबर संक्षेप



पानीपत। जानकारी देते हुए बीके अंजना व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### 11वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम 26 को

**पानीपत।** सेक्टर 25 स्थित ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र के 11 साल की सेवाएँ पूर्ण होने पर पत्रकारों से बातचीत में सेक्टर 25 सेंटर की संचालिका बीके अंजना बहन ने बताया की 26 अक्टूबर को सायं 3:30 बजे सेक्टर 25 स्थित दी एमबीनेंस में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में राजयोगिनी बीके सरला दीदी सर्कल इंचार्ज पानीपत अध्यक्षा, बीके बिंदु दीदी मोटिवेशनल स्पीकर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। सद्भावना सोसाइटी, श्री कृष्णा सोसाइटी, महर्षि दयानंद सोसाइटी, श्री कृष्णा मित्र मंडल, हिमालय एनक्लेव, गोकुलधाम एनक्लेव, रेजिडेंस वेलफेयर सोसाइटी सेक्टर 24, शिव मंदिर पार्क सेक्टर 24 सहयोगी रहेंगे। कार्यक्रम में समाजसेवी, उद्योगपति सामाजिक, धार्मिक, राजनेताओं की भी उपस्थिति रहेगी। बीके अंजना ने बताया कि समय से पहुँचने वाले को विशेष उपहार दिया जाएगा। विशेष आकर्षण में दर्पण बताए बचपन कहां का प्रोग्राम रहेगा। अंतरनाद अकादमी द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।

### पुल के नीचे पार्किंग के लिए बोली आज होगी

**पानीपत।** रेडक्रास सचिव गौरव रामकरण ने बताया कि नेशनल हाईवे 44 पुल के नीचे वाहन पार्किंग व्यवस्था संचालन का कार्य आगामी एक वर्ष के लिये खुली बोली के माध्यम से 24 अक्तूबर को मिटिंग हाल प्रथम मंजिल लघु सचिवालय परिसर पानीपत में सांय 3 बजे किया जाएगा। बोलीदाता को दोपहर 12 बजे तक अपने कागजात सहित 1 लाख रूपये का बैंक ड्राफट सचिव जिला रैडक्रास सोसाईटी पानीपत के नाम बनवाकर बोली में भाग ले सकते हैं।

### बिना बिल भुगतान बस अड्डे पर बिजली चालू

**समालखा।** हरियाणा रोडवेज के समालखा बस अड्डा पर करीब 4 लाख से अधिक के बिजली बिल की भुगतान न होने के कारण बिजली निगम ने कनेक्शन काट दिया था। जिस वजह से बस स्टैंड पर पानी की किल्लत सहित साफ सफाई नहीं हो पा रही थी। वहीं रोडवेज विभाग के कर्मचारियों ने बिना बिल चुकाएं बस अड्डा की बिजली को चालू कर दिया है। जिसकी बिजली विभाग को भनक तक नहीं लगी। बिजली विभाग की नाक के नीचे बस स्टैंड समालखा में सुचारू रूप से बिजली चल रही है। वहीं रोडवेज ने बिजली निगम पर बिल में गडबडी के आरोप लगाए हैं। बिजली निगम के एसडीओ शिव कुमार ने बताया कि नए बस अड्डे पर पांच किलोवाट का बिजली कनेक्शन लगा हुआ है। जिस पर साढे 4 लाख रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया है। करीब आठ माह से रोडवेज अधिकारी बिल नहीं भर रहे थे।

## जिला भर में भैयादूज पूरे उत्साह के साथ मनाया

# बहनों ने भाई की लंबी उम्र की कामना कर किया तिलक, कराया मुंह मीठा

**दीपोत्सव के समापन के साथ ही भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक भैया दूज का त्यौहार जिला भर में उत्साह के साथ मनाया गया। कहीं अकेले भाई ही अपनी बहन से तिलक कराने पहुंचे तो कहीं पर सपत्नी भैया दूज का पर्व मनाने के लिए अपनी बहनों के पास पहुंचे।

भैया दूज पर एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए प्रातः5 बजे से ही लोग सडक्रों पर आना शुरू हो गए थे। दूर के स्थानों पर जाने वाले लोग जहां प्राइवेट वाहनों व ट्रेनों से अपने गन्तय तक पहुंचे। वहीं नजदीक जाने वाले लोग अपनी कार या मोटरसाईकिलों पर बहनों के पास पहुंचे। बहनों ने अपने भाईयों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया और भगवान से उनके सुखद लम्बे जीवन की कामना की। भाईयों ने सामर्थ्य अनुसार अपनी बहनों को उपहार भेंट किए। छोटी-छोटी बच्चियों ने भी अपने भाईयों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। पर्व को लेकर बच्चों में खासा उत्साह दिखाया।





पानीपत। भैया दूज पर भाई राहुल शर्मा को तिलक करती बहन पिंकी। बुआ रेखा अपने भतीजे को तिलक करते हुए।

### मिठाई विक्रेता की खूब बिकी मिठाई

आज भैया दूज पर जहां बहनों ने अपने भाईयों को खिलाने के लिए मिठाई खरीदी वहीं भाई भी अपनी बहनों को देने के लिए मिठाई लेकर गए थे। इस वजह से आज मिठाई की दुकानों पर खूब रौनक देखने को मिली। कई जगहों पर तो दोपहर से पूर्व ही मिठाई समाप्त हो चुकी थी। मिठाई विक्रेता राजन पांचाल ने बताया कि इस बार जहां दीवाली पर मिठाई कम बिकी वहीं आज भैयादूज पर बिक्री के लिए मिठाई कम पड़ गई।

### वाहन चालकों ने दिनभर कूटी चांदी

भैया दूज के त्यौहार को मनाने के लिए सबसे जरूरी है सफर। सफर के बाद ही भाई अपनी विवाहित बहनों के पास पहुंचे पाते हैं। ऐसे में वाहनों में भीड़ होना भी लाजमी है। खासकर तब जब रोड़वेज का चक्का जाम हो। आज यही हाल देखने को मिला बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व सभी सडकों पर। हरियाणा रोड़वेज की बसों के नहीं चलने के कारण अन्य राज्यों की बसें भी पूरी तरह सवारियों से भरी हुई थी। बस अड्डे के बाहर यात्रियों को बसों नहीं मिलने के चलते अलाम यह था कि कोई भी प्राईवेट वाहन तक खाली नहीं था। शहर में चलने वाले सभी सवारी वाहन आज दिन भर चांदी कूटते रहे। अवैध रूप से चलने वाली वैन व आटो में भी आज पैर रखने तक की जगह नहीं थी। उक्त वाहनों चालकों ने भी लोगों की मजबूरी का पूरा फ ायदा उठाया और वाहनों में क्षमता से तीन गुना ज्यादा सवारियां बिठाकर खूब पैसे कमाए। ऐसे वाहन चालकों ने जहां सवारियों की जान को जाखिम में डाला वहीं सरकार को भी चुना लगाया। वहीं बसें नहीं चलने के कारण प्रशासन ने भी प्राइवेट वाहन चालकों पर कोई कार्रवाही नहीं की। वाहनों की सडकों पर संख्या ज्यादा होने से जगह-जगह पर जाम भी लगा रहा। जिससे वाहन चालकों को अपने स्थान पर पहुंचने में काफी देर हुई।

### भाई दूज पर चलाई अतिरिक्त बसें, यात्रियों की रही भीड़

**पानीपत।** सिवाह बस स्टैंड पर भाई दूज पर घर जाने के लिए यात्रियों की काफी संख्या में भीड़ रही। बस स्टैंड पर यात्री बस आने का इंतजार कर रहे थे जैसे ही कोई बस आती तो सीट के लिए धक्का मुक्की कर बस में घुसने के यात्री दौड़ रहे थे। यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम ने विशेष इंतजाम किए और अतिरिक्त बसें चलाईं ताकि किसी यात्री को परेशानी न हो। परिवहन निगम के अधिकारियों ने बताया कि कुल 134 बसों का संचालन किया। जिनमें से कई बसें दिल्ली, अंबाला, करनाल, सोनीपत, पानीपत ग्रामीण क्षेत्र और उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के लिए रवाना हुई। इसके अलावा पंजाब और हरियाणा के अन्य जिलों के लिए भी बस सेवाएं बढ़ाई गई। बस स्टैंड पर सुबह से ही यात्रियों की भारी भीड़ रही। सभी बसें पूरी तरह भरी हुई रवाना हुईं। ट्रैफिक इंस्पेक्टर करण सिंह ने बताया कि भाई दूज के अवसर पर बसों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने कहा भाई दूज पर बहनें अपने भाइयों के घर जाकर टीका करती हैं। इसी कारण त्योहार से एक दिन पहले यानी बुधवार शाम से ही यात्रियों की संख्या बढनी शुरू हो गई थी। गुरुवार सुबह बस स्टैंड पर स्थिति यह थी कि हर बस में सीटें फुल थीं। यात्रियों की संख्या देखते हुए अतिरिक्त बसें भी तुरंत चलाई गई।



पानीपत। भाई बहन के पावन पर्व पर गुरुवार को पलक पंवार अपने भाई हितेश पंवार को तिलक लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## अवैध कॉलोनियों पर डीटीपी ने कसा शिकंजा, लोगों में दहशत का माहौल



पानीपत। अवैध निर्माण को गिराती डीटीपी की जेसीबी ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला नगर योजनाकार सुमित मलिक के नेतृत्व में आज अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान लगभग 18 एकड़ क्षेत्र में फैली 3 अवैध कॉलोनियों, 2 अवैध संरचनाओं तथा लगभग 40 डीपीसी को ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई राजस्व एस्टेट सिवाह, राजा खेड़ी एवं उग्रा खेड़ी में की गई। पुलिस बल की मौजूदगी में पूरा तोडफ़ोड़ अभियान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। वहीं जिला नगर योजनाकार सुमित मलिक ने आमजन से अपील की कि वे अवैध कॉलोनियों में भूखंड न खरीदें, क्योंकि ऐसे क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की सरकारी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### जीवन में मर्यादा में रहना आवश्यक : उपेन्द्र मुनि



**समालखा।** नई जैन स्थानक में उपेन्द्र मुनि ने अपने प्रवचनों में कहा की मर्यादा और सत्य का पालन करना ही सबसे बड़ा धर्म है। इसका अर्थ है कि सिर्फ धार्मिक रीति.रिवाजों का पालन करने के बजाय, अपने आचरण, नैतिकता और मानवता में मर्यादा बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण है। जीवन में मर्यादा में रहना आवश्यक है, जो हमें सही और गलत के बीच अंतर करने में मदद करता है और जीवन को व्यवस्थित रखता है। उपेन्द्र मुनि जी ने कहा कि इंसानियत और सही आचरण ही सबसे बड़ा धर्म है। इंसान के जीवन में परिवार की मर्यादा बनाए रखना अत्यंत आवश्यक होता है।

## डीसी ने एससी एवं एसटी एक्ट के पीड़ितों को दी आर्थिक सहायता की समीक्षा की



**पानीपत।** डीसी डा.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला सचिवालय में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम, 1989 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए एस.सी./एस.टी. एक्ट के तहत की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए कि इस कमेटी में जो भी सदस्य शामिल हैं उसको साथ लेकर सेमिनार आयोजित करवाया जाए ताकि लोगों को इस एक्ट के बारे में जागरूक किया जा सके। एफआईआर दर्ज होते ही पीड़ितों को मुआवजा राशि शीघ्र प्रदान की जाए। जिला कल्याण अधिकारी जयपान सिंह ने उपायुक्त को अवगत करवाया कि जून से सितंबर की अवधि में एससी/एसटी एक्ट के तहत जिला स्तर पर कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। पहले 8 मामलों में पीड़ितों को आर्थिक सहायता की पहली किश्त दी जा चुकी है, जबकि 2 मामलों में अप्रूल नहीं हुई तथा पुलिस रिपोर्ट के अनुसार मामलों में सच्चाई ना पाने के कारण 3 मामलो को कैंसल कर दिया गया है। मौके पर डीएसपी सतीश वत्स, सदस्य प्राण रत्नाकर, सत्यप्रकाश वैद, ओमप्रकाश, सत्यवान झंडा, सहित जिला कल्याण विभाग के अधीक्षक विनोद शर्मा उपस्थित रहे।

### अधिकारी मिल से जुड़े कार्यों को करें समय पर पूर्ण : उपायुक्त

**पानीपत।** जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में आज उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में गन्ना मिल के सीजन 2025-26 की तैयारियों को लेकर 19 सूत्रीय एजेंडे पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में टीडीएस, टीसीएस, जीएसटी इनपुट मिलान जैसे वित्तीय कार्यों को नियमानुसार करवाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा मिलों के लिए केमिकल्स, पॉलीथीन शीट, लुब्रिकेंट्स, ट्यूब क्लीनिंग एजेंट आदि की दर अनुबंध प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई। बैठक में आगामी सीजन एटीपी के लिए एयर ब्लोअर, गन्ना क्रय केंद्रों के लिए 10 टन क्षमता वाले इलेक्ट्रॉनिक कांटे तथा पुरानी ईंटों के डिस्मेंटलिंग और उपयोग से जुड़ी योजनाओं को भी स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि पानीपत और करनाल मिलों में तैयार होने वाली प्रेस-मड की बिक्री प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से की जाएगी, जबकि सीजन 2021-22 के एम-30 गुड़ की बिक्री भी प्राथमिकता से निपटाई जाएगी। बैठक में डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों की तैयारी समय पर पूरी कर अगली बैठक में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस मौके पर एमडी संदीप, चीफ इंजीनियर राजकुमार आदि मौजूद रहे।



पानीपत। त्रिशूल स्थापना से पूर्व डाहर में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

### डाहर में निकाली कलश शोभायात्रा, उमड़ी आस्था

पानीपत। अन्तराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ.नवीन नैन भालसी ने बताया कि भारतीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक इतिहास में पहली बार 12 ज्योतिर्लिंग, चारधाम और 12 शक्तिपीठों की महासंगम यात्रा के उपरांत सिद्ध महादेव के त्रिसूल की ऐतिहासिक गाँव डाहर पानीपत में गाम-राम के सहयोग से कलश शोभायात्रा निकाल कर प्राचीन चार मंदिर में स्थापित किया गया। अन्तराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के अध्यक्ष प्रवेश शर्मा व राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ.नवीन नैन भालसी ने बताया कि पहली बार गांव में इतनी विशाल कलश शोभायात्रा निकाली गई। प्रवेश शर्मा ने बताया कि 22 से 27 अक्टूबर तक प्राचीन चार मंदिर में लगातार शिव महापुराण का पाठ चलेगा व महादेव के दिव्य त्रिसूल की प्राण.प्रतिष्ठा को मंदिर में शिवलिंग के पास स्थापित के लिए विधिवत रूप से पूजन चलेगा व 27 अक्टूबर को विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मंदिर कमेटी के प्रधान व सभी पदाधिकारियों ने बताया कि पवित्र यात्रा का उद्देश्य भगवान शिव के प्रति आस्था को जागृत करना, सनातन संस्कृति को बढ़ावा देना और जनमानस को आध्यात्मिक ऊर्जा से प्रेरित करना है। वहीं विश्व विख्यात अपनी योग.विद्या के बल पर 129 टन के रेल के इंजन को खींचने वाले देवेन्द्र फौजी ने बताया कि इस भव्य शोभायात्रा में गांव व आसपास क्षेत्र के लोगों के साथ त्रिशूल एवं शिव मंत्रों के उद्घोष के साथ चल रहे थे।

# पुलिस शहीदी दिवस सप्ताह के दौरान थानों में किया पौधरोपण

**सभी पुलिसकर्मियों से स्वच्छता को नियमित रूप से अपनाने की अपील की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस शहीदी दिवस सप्ताह के अंतर्गत जिला पुलिस द्वारा आज जिला के सभी थानों में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान पर्यवेक्षण अधिकारियों के नेतृत्व में थाना प्रभारियों व तैनात पुलिसकर्मियों ने श्रमदान कर थाना परिसर व आसपास के क्षेत्र में साफ. सफाई की तथा पौधा रोपण किया। यह कार्यक्रम शहीद पुलिस कर्मियों के प्रति सम्मान एवं श्रद्धांजलि स्वरूप आयोजित किया गया। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने बताया कि अमर शहीदों की याद में पुलिस विभाग की ओर से 21 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक पुलिस शहीदी दिवस मनाया जा रहा है।



पानीपत। शहीदी दिवस सप्ताह थाने में पौधरोपण करते पुलिस कर्मी।

### वन क्षेत्र की पहचान को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.विरेंद्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला के सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिले में ऐसे सभी क्षेत्रों की पहचान की जाए, जो डिक्शनरी मीनिंग के अनुसार वन क्षेत्र की श्रेणी में आते हैं। डॉ.विरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि हरियाली न केवल पर्यावरण का आधार है बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ जीवन की गारंटी भी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि प्रत्येक संभव भूमि को हरित किया जाए और वन क्षेत्र की सटीक पहचान सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन-जिन स्थलों पर वन जैसी भूमि की संभावना है, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत की जाए। बैठक में नगर निगम संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी, जिला वन अधिकारी विजय लक्ष्मी, जिला राजस्व अधिकारी कनक कालरा टाउन प्लानर, कृषि विभाग के उप निदेशक आत्मा राम गोदारा, एचएसआईआईडीसी के एस्टेट ऑफिसर सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जनता समाधान शिविर में उमड़ी भीड़, 43 शिकायतों पर सुनवाई



पानीपत। समाधान शिविर में जनता की समस्याएं सुनते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में आज आयोजित शिविर में आमजन की 43 से अधिक शिकायतों की सुनवाई की गई। शिविर में जिला परिषद सीईओ डॉ. किरण सिंह ने कहा जनता की हर शिकायतों का समाधान हमारी जिम्मेदारी है। अधिकारी संवेदनशीलता से काम करें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी व्यक्ति को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। नगराधीश टीनू पोसवाल ने कहा जब अधिकारी जनता की बात को समझकर तत्परता से काम करते हैं, तभी असली राहत मिलती है। निगम संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी ने कहा कि निगम से जुड़ी किसी भी शिकायत में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस उप अधीक्षक सतीश वत्स ने कहा कि पुलिस विभाग की हर शिकायत पर निष्पक्ष कार्रवाई की जा रही है। समाधान शिविर में प्रार्थी अजय वासी साईं कॉलोनी उझा रोड कटियाल गार्डन के सामने सुखे पेड़ को कटवाने के लिए व प्रार्थी यशपाल मलिक ने असंध रोड पर बने पुल के नीचे दुकानदारों द्वारा निगम द्वारा लगाई गई स्ट्रीट लाइट पर कुंडी कनेक्शन से की जा रही बिजली चोरी रोकने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया।

**आस्था** | पूर्वांचल मीडिया प्रभारी चंदन चौहान ने पत्रकारों को जानकारी दी

# देशबंधु गुप्ता कॉलेज के सामने नए घाट की साफ सफाई में जुटी पूर्वांचल महासंघ की टीम, तैयारियां जोरों पर

**इस साल 6 के बजाय सात जगह पर छठ पूजा महोत्सव मनाया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पूर्वांचल मीडिया प्रभारी चंदन चौहान ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि इस साल 6 के बजाय सात जगह पर छठ पूजा महोत्सव मनाया जाएगा।

इस बार नए घाट बाबरपुर ड्रेन नंबर 2 देशबंधु गुप्ता कॉलेज के सामने पुलिया से लेकर जीटी रोड तक साफ सफाई का कार्य चल रहा है। जिसमें सरकार के आला अफसर भी बड़ी तत्परता के साथ छठ पूजा महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए घाट की साफ सफाई कराने में जुटे हुए हैं और उन्होंने आश्वासन दिया है कि किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी। वहीं चंदन चौहान ने बताया कि बाबरपुर ड्रेन 2 देशबंधु गुप्ता कॉलेज सेक्टर 18 पुलिया के पास सबसे ज्यादा फायदा श्रद्धालुओं को यह होगा की किसी प्रकार जाम का समस्या नहीं, पार्किंग की बहुत बड़ी सुविधा, लाइट की सुविधा है। यहां पर बरसत रोड, तहसील कैंप, ज्योति कॉलोनी, नूरवाला के साथ लगती कालोनी, बाबरपुर मंडी आदि लोगों के सबसे बड़ी सुविधा होगी।



पानीपत। सेक्टर 18 में छट पूजा घाट तैयार कराती पूर्वांचल महासंघ की टीम। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर आनंद झा, मनोज सिंह, सुनील झा, सुरेंद सिंह, मनोज मास्टर, अजय, श्री सर्वधर्म एकता समिति के प्रधान राजेंद्र यादव, परस नाथ सिंह, अवधेश यादव, सुशील ठाकुर, दिनेश गुप्ता, राम बालक कुशवाह, सीताराम झा, गणेश चौधरी व अरुण कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# आदमखोर कुत्तों के टीकाकरण-नसबंदी पर मेयर का निगम अफसरों को एल्टीमेटम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

आदमखोर कुत्तों की वजह से जनता बेहद परेशान है। बच्चे-बुढ़े व महिलाएं रोज इन कुत्तों का शिकार हो रहे हैं। जबकि नगर निगम डॉग बाइट के बढ़ते मामलों को लेकर जरा भी संजीदा नहीं है। अब अंबाला शहर की मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने निगम अधिकारियों की इस लापरवाही उन्हें अल्टीमेटम दिया है। इससे पहले मेयर ने नगर निगम के कमिश्नर को 19 अगस्त को पत्र लिखकर इस मामले पर उच्चतम न्यायालय के नई गाइडलाइंस के अंतर्गत



- नगर निगम डॉग बाइट के बढ़ते मामलों को लेकर जरा भी संजीदा नहीं

जमीन चिह्नित करके डॉग शेल्टर बनाने की बात कही थी। मेयर ने कहा कि 19 अगस्त को ही नगर निगम के परिसर में एक 4 साल की बच्ची को कुत्ते ने काट लिया था। इसके बाद मेयर ने दीवानी मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए कमिश्नर को आदेश दिए थे। उन्होंने इस विषय की गंभीरता को समझते हुए कुत्तों के टीकाकरण और नसबंदी को लेकर तुरंत कार्रवाई आगे बढ़ाने व नसबंदी के टेंडर तुरंत प्रभाव से दिए जाने के निर्देश भी दिए थे। इस मामले पर मेयर ने 14 अकतूबर को भी कमिश्नर को स्मरण पत्र भेजा था परंतु 2 महीने बीत जाने पर भी इस मामले में अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। 23 अक्तूबर को मेयर ने तीसरा पत्र नगर निगम कमिश्नर को लेकर के उन्हें 30 अक्तूबर तक इस मामले में ठोस कदम उठाने का निर्देश दिए हैं।

### लोकतांत्रिक तरीके से कार्रवाई अमल में लाएंगी

मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने कहा कि अगर 30 तक निगम की ओर से आदमखोर कुत्तों को लेकर कोई कदम नहीं उठाया तो वे जनता की सेवा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से लापरवाही अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर आगे बढ़ेंगी। बता दें कि जुलाई माह में भी अंबाला नगर निगम क्षेत्र में 109 लोग कुत्तों के शिकार हुए थे। अंबाला शहर के सिविल अस्पताल में लगभग रोज के 10 से ज्यादा केस कुत्तों के काटने के आते हैं। मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने बताया कि अगस्त से नगर निगम अधिकारियों को पत्र लिखकर डॉग शेल्टर बनाने और टीकाकरण और नसबंदी को लेकर कदम उठाने के लिए कहा गया था। परंतु ऐसा प्रतीत होता है कि अब अधिकारी इस मामले को लेकर गंभीर नहीं है जबकि अंबाला शहर की जनता इस समस्या से बहुत ज्यादा प्रताड़ित है। उन्होंने कहा कि अगर 30 तक यदि नगर निगम अधिकारी इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाते हैं तो जनता के अधिकारों के लिए वे लोकतांत्रिक तरीके से कार्रवाई अमल में लाएंगी।

## प्रशासन से जल्द समस्या के समाधान की लगाई गुहार

# फसल-नस्ल के लिए बेसहारा पशु आफत

- लोग बोले-बेवजह दो की जा चुकी जान, हादसों का शिकार होकर कई व्यक्ति हो चुके जख्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

कस्बे में इन दिनों बेसहारा पशु लोगों की परेशानी का सबब बन हुए हैं। क्षेत्र की सडक़ों ,गलियों व खेतों में भटक रहे ये बेसहारा पशु दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। इन बेसहारा पशुओं की वजह से आए दिन कोई न कोई दुर्घटना हो रही है। ये पशु लोगों पर हमलावर भी हो रहे हैं जिस कारण अक्सर लोग चोटिल हो जाते हैं। पशुओं के खौफ के कारण लोगों का वाहन तो क्या पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि इन बेसहारा पशुओं को लेकर प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है जबकि सरकार सडक़ों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं को सुरक्षित स्थान पर आश्रय देने के बारे अधिकारियो को आदेश दे चुकी है। यहां के रहने वाले लक्ष्मण दास गुप्ता ने कहा कि सडक़ों पर इधर उधर घूम रहे ये बेसहारा पशु इतने हमलावर हो गए है कि लोग इनके नजदीक से गुजरते हुए डरते हैं।



शहजादपुर। सड़क किनारे बैठे बेसहारा पशु। फोटो : हरिभूमि

### प्रशासन से भी लगा चुके गुहार

उन्होने कहा कि इन पशुओं के हमले में घायल हुए अब तक 2 लोग तो दम तोड चुके हैं जबकि कई लोग चोटिल भी हुए हैं। उन्होने कहा कि लोगों में इन पशुओं को लेकर काफी खौफ है। ये सडक़ों पर आपस में लड़ते हुए राहगीरों को भी अपनी चपेट में ले लेते हैं। या फिर उन पर हमला कर देते हैं। लक्ष्मण ने ये पशु रात हो दिन झुंड बनाकर सड़क के बीचोबीच बैठे रहते हैं जिस कारण जहां वाहन चालकों को परेशानी आती है। उन्होंने कहा वे इस बारे कईं बार प्रशासन से भी गुहार लगा चुके हैं लेकिन प्रशासन ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। यहां के रहने वाले संतोष कुमार ने कहा कि आवारा पशु दिन रात सडक़ों पर घूम रहे हैं जोकि आने जाने वालों पर हमलावर हो जाते हैं।

### लोगों का घर से निकलना मुश्किल

जिस कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कि सुबह-सुबह मंदिर में जाते समय भी सडक़ों पर पशुओं के झुंड रास्ता रोके बैठे रहते हैं। इससे महिलाओं व अन्य श्रद्धालुओं को जहां मंदिर में जाने के लिए समस्या का सामना करना पड़ता है वहीं उनमें इनके हमले का डर भी बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से इन बेसहारा पशुओं को पकडने की गुहार लगाई है ताकि ग्रामीणों को इनसे राहत मिले। ग्रामीण राज कुमार वोहरा ने कहा कि सडक़ों पर घूम रहे पशु जहां दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं वहीं इनके हमले में अक्सर लोग घायल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पशुओं के हमले ने कई लोग घायल हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ये पशु लोगों पर तो हमलावर होते ही हैं साथ किसानों के खेतों से उनकी फसलों को भी नुकसान पहुंचाते हैं।

# अचानक साहा थाने पहुंचे डीजीपी, एक घंटा गतिविधियां जांची

- एसपी को हर रोज सभी थाना व सीआईए प्रभारियों से ऑडियो कॉल पर क्राइम की अपडेट लेने के निर्देशक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने बुधवार देर रात साहा पुलिस थाने का औचक निरीक्षण किया। इससे पहले डीजीपी ने पंचकुला से लेकर यमुनानगर तक पुलिस नाकों की व्यवस्थाएं जांची थी। एसपी को डीजीपी के साहा थाने पहुंचने की सूचना मिल गई थी। इसी वजह से वे भी एसएचओ के साथ मौके पर मिले। डीजीपी ओपी सिंह ने साहा थाने की विस्तार से जानकारी ली। एसएचओ व एसपी को भी जरुरी निर्देश भी दिए गए। डीजीपी देर रात 12 बजकर 30 मिनट पर अचानक साहा थाने में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने करीब एक घंटे तक थाने का निरीक्षण कर गतिविधियों का जायजा लिया। डीजीपी ओपी सिंह ने पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत सहित प्रदेश के सभी एसपी को निर्देश दिए कि वह रोजाना समय मिलने पर सभी थाना व सीआईए प्रभारियों से ऑडियो कॉल कर क्राइम पर बातचीत करेंगे। ताकि पता चल सके कि अगले सात दिन या एक सप्ताह में कौन आदमी गोली चला सकता है? कौन मर्डर कर सकता है? किसका क्रिमिनल बैक राउंड है? जेल से बाहर आया है या नया क्रिमिनल है? उसके बारे में रोज जिक्र करें।



साहा थाने में प्रभारी से गतिविधियों की जानकारी लेते डीजीपी ओपी सिंह।

### थाने में मची अफरातफरी


डीजीपी ओपी सिंह के अचानक साहा थाने पहुंचने के बाद जिले के थाना व चौकी प्रभारियों में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही सभी अपने-अपने थाने व चौकियों में पहुंच गए। खासकर साहा थाने में डीजीपी की मौजूदगी से प्रभारी समेत सभी कर्मचारी टेंशन में रहे। डीजीपी के थाने पहुंचने की किसी को भी भनक तक नहीं लग पाई थी। इसके बाद सभी अधिकारी अलर्ट हो गए।

### अंबाला की मंडियों में धान की आवक धीमी

अंबाला। जिले की मंडियों में धान की आवक धीमी हो गई है। बुधवार तक जिले की मंडियों में 4 लाख 88 हजार मीट्रिक टन की आवक हो चुकी थी और 4 लाख 78 हजार मीट्रिक टन की खरीद हो चुकी थी। दिवाली की छुट्टियों में खरीद कार्य भी बीच में धीमा हो गया था। अब गुरुवार से नियमित तौर पर खरीद होगी। मंडियों में अभी उठान धीमा चल रहा है। लगातार एक माह से मंडियों में धान की खरीद कार्य चल रहा है। वहीं, शहर नई अनाज मंडी में धान का उठान धीमा हो गया है। जिससे मंडी के बाहर व शेड में भी बोरियां नजर आने लगी हैं।

# कार चालक की लापरवाही से हादसे में चालीस वर्षीय व्यक्ति की मौत

**अंबाला।** कार की टक्कर से चेन्नई का बेलमुरगन (40) की मौत हो गई। युवक के साथ लिव इन रिलेशन में रहने वाली महिला पतोल देवी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पतोल देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मूल रूप से कटिहार बिहार की रहने वाली है। वर्ष 2002 में उसकी शादी कटिहार के बंसीधर से हुई थी। इससे उसके पास चार बच्चे हैं। सात-आठ साल पहले उसकी पति के साथ अनबन हो गई थी, तो वह अपने बच्चों को लेकर किराए के मकान में चली गई। यहां कोठियों की सफाई के दौरान वर्ष 2016 में उसकी मुलाकात बेलमुरगन से हुई। वो दोनों अपनी मर्जी से लिव इन रिलेशन में रहने लगे। इस दौरान वह गर्भवती हो गई तो बेलमुरगन ने उसे साथ रखने से इंकार कर दिया। इसके बाद उसने बेलमुरगन के खिलाफ पांच दिसंबर 2018 को मुकदमा दर्ज करवा दिया। जब उनका डीएनए टेस्ट हुआ तो इसके आधार पर बेलमुरगन फिर से उसके साथ रहने के लिए राजी हो गया।





अंबाला। दंगल में दम दिखाते पहलवान। फोटो : हरिभूमि

# ईरानी पहलवानों ने दिखाया दम, मोहड़ी गोबिंदगढ़ पंचायत ने आयोजित किया दंगल

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

ग्राम पंचायत मोहड़ी-गोबिंदगढ़ और ग्रामीणों की ओर से इस साल खुले अखाड़े की बजाय मैट पर कुश्तियां करवाई गई। इस अवसर पर ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और ईरानी पहलवानों को भी आमंत्रित किया गया। दंगल में रेफरी व कोच की ओर से दो बड़े रिंग बनवाकर कुश्तियां करवाई गई। इस दौरान छोटी-बड़ी मिलाकर करीब 100 कुश्तियां हुईं। इनमें विजेता पहलवान को मौके पर ही नकद धनराशि प्रदान की गई।दंगल में बजरंग पूनिया के पहुंचने पर सभी ग्रामीणों ने ढोल की थाप पर उनका स्वागत किया। इसके बाद बजरंग पूनिया ने सरपंच चूहड़ सिंह की ओर से प्रदान की गई गदा कंधे पर लेकर पूरे दंगल का चक्कर लगाया। उन्होंने कहा कि यदि पंचायत व अन्य सामाजिक लोग इस प्रकार के दंगल आयोजित करवाते रहे तो कोई भी पहलवान अपनी मेहनत के बल पर जिला राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल कर सकता है। इस मौके पर राजनीतिक, सामाजिक व किसान यूनियन के नेता भी मौजूद रहे।

# अस्थायी घाट बनाने व सफाई का काम शुरू

- शुक्रवार से महिलाएं करेंगी खरीदारी, मंगलवार को समाप्त होगा छठ महापर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

छठ महापर्व के लिए जिले के विभिन्न स्थानों पर अस्थायी घाट बनाने और साफ सफाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शनिवार से नहाय खाय से छठ पर्व की शुरूआत होने जा रही है जो मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर समाप्त होगी। इसके साथ ही पूजा पाठ के लिए सामान खरीदने की भी शुरूआत हो चुकी है।

झारखंड से ट्रेन के माध्यम से टोकरी और सूप आ चुके हैं। महिलाएं बाजारों में सामान की खरीदारी कर रही हैं। रेलवे कॉलोनी की किरण पांडे ने बताया कि शनिवार से छठ पर्व शुरू हो रहा है। इसके लिए लोगों ने अपने अपने स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी है। शुक्रवार से मार्केट में पूजा के सामान से लेकर फल की खरीदारी करेंगे। इसमें अनानास, पानी वाला नारियल, केला, सरिफा, मूली, गाजर, सिंघाडा, गन्ना, कच्ची हल्दी, अदरक, सुथनी, शकरगंद, सुपारी, घी, अगरबत्ती,सूप,टोकरी व अन्य सामान की खरीदारी करेंगे। लक्ष्मी ने बताया कि शनिवार 25 अक्तूबर से छठ पर्व की शुरूआत हो रही रही है।

इसके अगले दिन रविवार 26 अक्तूबर को रात सात बजे से खरना शुरू होगा। इसमें व्रती महिलाएं नहाने के बाद खाने की तैयारी करेंगी। सोमवार 27 अक्तूबर की सायं पांच बजे घाट में छटी मइया की पूजा के साथ डूबते सूर्य अर्घ्य दिया जाएगा। इसके अगले दिन मंगलवार की सुबह पांच बजे उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा की जाएगी। रामवती ने बताया कि चार साल पहले सास ऊषा ने उन्हें व्रत रखवाया था तब से वह व्रत रखती आ रही है। छठी मइया की कृपा से बेटे की प्राप्ति हुई है और घर में सुख शांति बनी हुई है।

# नायब तहसीलदार ने सुनी शिकायतें

- संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर में नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने लोगों की विभिन्न समस्याएं सुनी। संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा प्रत्येक नागरिक की समस्या का त्वरित निवारण करने की है और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस दिशा में पूरी निष्ठा से कार्य करना चाहिए।

### शिकायतों पर हो कार्रवाई

अंबाला। आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी ढंग से समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरंतर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है। इसी कड़ी में उपायुक्त कार्यालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम दर्शन कुमार ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगो की समस्याओं को बड़े ही ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित को जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि आमजन की समस्याओं का प्रभावी रूप से जल्द समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है। सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधी लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करवाना सुनिश्चित करें।

### शहीद समारक बनकर लगभग तैयार हो चुका

अंबाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंबाला छावनी में बन रहे 1857 में आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित व एशिया के सबसे बड़े शहीद समारक का उदघाटन नवंबर में कर सकते हैं। मंत्री अनिल विज ने पत्रकारों को यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि शहीद समारक बनकर लगभग तैयार हो चुका है। नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में इसका उद्घाटन होगा। हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रार्थना की है कि यह इतना बड़ा स्मारक है इसलिए इसका उद्घाटन उनको ही करना चाहिए।

# अवैध निर्माण पर तुरंत करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि किसी भी सूरत में अवैध कॉलोनियों के विकास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारी वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाएं और अवैध निर्माण पर तुरंत कार्रवाई करें। जिन स्थानों को अवैध कॉलोनी के रूप में चिन्हित किया गया है, उनके बाहर तुरंत अवैध कालोनी की सूचना देने वाले चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। इन बोर्डों पर स्पष्ट रूप से लिखा जाए कि यह कॉलोनी अवैध है और यहां प्लाट खरीदना या निर्माण करना कानूनी रूप से मान्य नहीं है।

## राज्यसभा सांसद ने विश्वकर्मा दिवस पर कैथ माजरी में आयोजित कार्यक्रम में लिया हिस्सा

# जीवन में श्रम ही पूजा भगवान विश्वकर्मा का मूल संदेश: कार्तिकेय शर्मा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना क्रियान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा का मूल संदेश है कि श्रम ही पूजा है। सृजन ही साधना हैं। शर्मा वीरवार को अंबाला शहर के कैथ माजरी स्थित विश्वकर्मा मंदिर में भगवान श्री विश्वकर्मा के 58वें पूजा महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर सभा के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट कर उनका भव्य अभिनंदन भी किया। कार्यक्रम में अति वशिष्ठ अतिथि के रूप में मेयर शैलजा सचदेवा ने शिरकत की। मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने मंदिर में माथा टेककर भगवान का आर्शीवाद भी प्राप्त किया। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने इस मौके पर उपस्थित सभी को भगवान विश्वकर्मा दिवस की बधाई दी। कहा कि यह दिन पूजा से अधिक सृजन का पर्व है, वो सृजन जो हमारे समाज, देश और भविष्य को आकार देता हैं। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना क्रियान्वित की हुई है। यह योजना हर कारीगर व शिल्पकार को सम्मान दे रही है। जिससे उन्हें प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण व आर्थिक सहयोग भी मिल रहा हैं।



अंबाला। कार्यक्रम में मौजूद लोग। फोटो :हरिभूमि

### जांच शिविर का लाभ उठाएं

उन्होंने इस अवसर पर यह भी कहा कि सृजन में हमेशा विनम्रता एवं आभार होना चाहिए, अहंकार नहीं। शर्मा ने इस अवसर पर यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने मेरिट के आधार पर युवाओं को नौकरी देने का काम किया है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में बिना खर्ची पर्ची के मैरिट के आधार पर युवाओं को नौकरी देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा युवाओं को नौकरी देने की व्यवस्था की गई है इस कार्य में समाज का भी दायित्व बनता है कि वे भी युवाओं को प्रशिक्षित करवाकर अपने हुनर के माध्यम से अपने लिए रोजगार को सृजन करें। उन्होंने सभा के प्रधान से भी कहा कि वे यहां पर इस कार्य के लिए एक कमरा भी उपलब्ध करवाएं ताकि इस कार्य की शुरुआत यहां से की जा सकें। राज्यसभा सांसद ने इस मौके पर यह भी कहा कि मातृ शक्ति के लिए भी केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा कार्य किए जा रहे है। यदि महिलाएं स्वस्थ एवं मजबूत होगी तो परिवार भी मजबूत होगा। नमो शक्ति रथ के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। आधुनिक मशीनों से इस कार्य को किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 3 हजार महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच हो चुकी है। उन्होनें महिलाओं से भी अपील की कि वे इस स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठाएं।

### छात्रों को किया सम्मानित

उन्होंने यह भी कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र परिवारों को 5 लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज की व्यवस्था उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होनें इस मौके पर यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प एवं सपने को पूरा करने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने शैक्षणिक गतिविधियों में व समाज सेवा क्षेत्र में अग्रणीय कार्य करने वाले विद्यार्थियों व अन्यों को प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनको प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर अति वशिष्ठ अतिथि मेयर शैलजा सचदेवा ने भी उपस्थिति सभी को विश्वकर्मा दिवस की बधाई दी और कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने कर्म करने का संदेश दिया है।